# विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे : ऊर्जा मंत्री

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बुधवार को उप नगर ग्वालियर की विभिन्न बस्तियों में भ्रमण किया। उन्होंने इस दौरान स्थानीय नागरिकों से सीधा संपर्क कर उनकी समस्याएं सुनीं। विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। मंत्री तोमर ने जती की लाइन, झाड़ू वाला मोहल्ला, घोसीपुरा, शिव नगर, सत्यनारायण की टेकरी, सुनारन गली, पंचशील नगर सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण किया और विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को सुना और बहुत सी समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम व विद्युत वितरण कंपनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

- मंत्री ने विभिन्न बस्तियों में भ्रमण कर सुनी समस्याएं
- विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया



इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उप नगर ग्वालियर में जती की लाइन की विभिन्न गलियों में 23 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य, झाड़ू वाला मोहल्ला में नवीन सीवर लाइन, घोसीपुरा शिव नगर तथा सत्यनारायण की टेकरी में नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने सुनारन वाली गली निवासी सुनील नरवरिया के घर पहुंचकर भोजन किया। ऊर्जा मंत्री के भ्रमण कार्यक्रम का समापन शील नगर में हुआ।

## कर्जदारों से तंग आकर युवक ने दी जान

**ग्वालियर 1 जुलाई.** जनकगंज थाना क्षेत्र के काला सैय्यद बेलदार का पुरा में कर्जदारों से परेशान होकर एक 35 वर्षीय युवक धर्मेंद्र जयसवाल पुत्र राजू जयसवाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रात करीब दो बजे की है। निजी नौकरी करने वाला धर्मेंद्र रात को खाना खाकर अपने कमरे में सोने गया था। रात करीब 2 बजे जब परिजनों की नजर कमरे में पड़ी, तो वह फंदे से लटका हुआ था। परिजन उसे तुरंत उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई शिवम ने आरोप लगाया कि धर्मेंद्र पर चार से पांच लोगों का कर्ज था। ये लोग लगातार घर आकर उसे प्रताड़ित और परेशान कर रहे थे.

# विजयाराजे महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** शासकीय विजयाराजे कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरार में बुधवार को नवप्रवेशित छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह का आयोजन किया गया। दीक्षारंभ समारोह के माध्यम से नवागत छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराने के साथ उन्हें उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई एवं विभिन्न विभागों से परिचित कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.के. श्रीवास्तव ने छात्राओं को महाविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासन, उपलब्ध संसाधनों तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. ज्योति उपाध्याय एवं सरला देवी द्वारा नवागत छात्राओं का रोली-चंदन का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत करने के साथ हुआ। इस दौरान डॉ. मंजू सिंह वीर, डॉ. दीपा वर्मा, डॉ. मनीषा देशपाण्डे, डॉ. राजवीर सिंह किरार, डॉ. कंचन सिंह नगेल, डॉ. रूपेश पल्लव एवं डॉ. अवधेश निरंजन मौजूद रहे.

# नगर पालिका एवं नगर परिषदों की व्यवस्थाओं को बेहतर करने पर जोर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** जिले की नगर पालिका एवं नगर परिषदों में विकास कार्यों तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से

- डबरा नगर पालिका का निरीक्षण, सीएमओ व
- स्वास्थ्य अधिकारी को मिलेंगे कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला शहरी विकास अभिकरण (डूडा) के परियोजना अधिकारी को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी डूडा भूमिजा सक्सेना ने बुधवार को नगर पालिका डबरा का निरीक्षण किया। उन्होंने डबरा नगर की विभिन्न बस्तियों का भ्रमण कर साफ-सफाई, जल निकासी तथा विकास कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नगर पालिका डबरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। साथ ही जलभराव की स्थिति से बचने के लिए नालों एवं नालियों की नियमित सफाई कर प्रभावी जल निकासी सुनिश्चित की जाए।

# लंबित मांगों को लेकर प्राध्यापक संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालय प्राध्यापक संघ मध्य प्रदेश के ग्वालियर संभाग व जिला प्रतिनिधिमंडल ने माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर

- महाविद्यालयों में सांकेतिक प्रदर्शन

आदर्श विज्ञान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरिता श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उच्च शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापकों, क्रीड़ा अधिकारियों और ग्रंथपालों की वर्षों से लंबित मांगों के त्वरित समाधान की मांग की गई। इसके साथ ही संभाग के विभिन्न कॉलेजों में प्राध्यापकों द्वारा सांकेतिक प्रदर्शन भी किया गया।



**ये माँगें उठाईं-** वर्ष 2004-05 में नियुक्त बैकलॉग सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें कैरियर प्रोन्नति का लाभ दिया जाए। जिन सहायक प्राध्यापकों ने अभी योग्यता अर्जित नहीं की है, उन्हें वर्ष 2028 तक का समय दिया जाए। क्रीड़ा अधिकारियों और ग्रंथपालों को सहायक प्राध्यापक, सह-प्राध्यापक एवं प्राध्यापक का पदनाम मिले और उनकी सेवानिवृत्ति आयु प्राध्यापकों के समान की जाए। वर्ष 2009, 2011 और 2019 में नियमितीकरण से वंचित सहायक प्राध्यापकों की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर कैरियर एडवांसमेंट का लाभ दिया जाए। सेवानिवृत्त प्राध्यापकों की पेंशन, वेतन निर्धारण, अर्जित अवकाश और समूह बीमा भुगतान को प्राथमिकता दी जाए। विगत 10 वर्षों से बंद उच्च शिक्षा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठकें पुन: नियमित आयोजित की जाएं।

**प्रदर्शन में यह रहे शामिल -** ज्ञापन सौंपने और सांकेतिक प्रदर्शन में डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना, डॉ. नगेंद्र चतुर्वेदी (विभागाध्यक्ष भौतिकी), डॉ. डी.के. शर्मा, डॉ. वी.के. गुप्ता, डॉ. एस.एस. सेंगर, डॉ. ए.के. बरैया, डॉ. वेद प्रकाश और डॉ. अंजू नागर सहित कई वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। डॉ. हरीश अग्रवाल (शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय) और डॉ. वासुदेव सिंह जादौन (शासकीय के.आर.जी. कन्या महाविद्यालय) ने भी अपने साथी प्राध्यापकों के साथ इस सांकेतिक प्रदर्शन में उपस्थिति दर्ज कराई।

# रेत खनन पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** ग्वालियर जिले में वर्षा ऋतु और मानसून को ध्यान में रखकर आगामी तीन महीनों के लिए रेत खनन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। कलेक्टर रुचिका चौहान द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, जिले में संचालित सभी रेत खदानों में 30 जून (मध्य रात्रि) से लेकर 30 सितंबर 2026 तक खनन कार्य पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

कलेक्टर चौहान ने सभी संबंधित अनुबंधित ठेकेदारों को इस प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, रेत निकासी के लिए नदियों में बनाई गई अस्थायी संरचनाओं, जैसे अस्थायी पुल, पुलिया या सड़क बनाने के लिए डाली गई मिट्टी और मुरम (मलबा) को नदियों के जल प्रवाह क्षेत्र से तुरंत हटाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, ताकि बारिश के दौरान नदियों का प्राकृतिक बहाव प्रभावित न हो। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों और राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के नियमों के तहत जिला स्तरीय प्राधिकरण द्वारा ग्वालियर जिले के लिए मानसून सत्र की अवधि (1 जुलाई से 30 सितंबर) निर्धारित की गई है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि इस तय अवधि से पहले मानसून सक्रिय होता है या निर्धारित तिथि के बाद भी मानसून का प्रभाव रहता है, तो परिस्थितियों के अनुसार अलग से नए निर्देश जारी किए जा सकेंगे। इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने के लिए पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, खनिज निगम और सहायक खनिज अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# निगम के बेड़े में शामिल हुए दो नए हाइड्रोलिक वाहन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** शहर की स्ट्रीट लाइट को ठीक करने एवं पेड़ों की छटाई के कार्य में आने वाले हाइड्रोलिक वाहनों को निगम के बेडे में शामिल किया गया है। दोनों वाहनों को महापौर डॉ शोभा सिकरवार ने पूजन कर निगम बेडे में शामिल किया। नगर निगम ने 64 लाख रूपये की लागत से दो नई हाइड्रोलिक वाहनों को क्रय किया है। इन वाहनों का पूजन बालभवन में महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, एमआईसी सदस्य अवधेश कौरव, विनोद यादव माठू, नाथूराम ठेकेदार, गायत्री सुधीर मंडेलिया, मोनिका मनीष शर्मा, प्रेमलता जैन शकील मंसूरी, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, अपर आयुक्त टी प्रतीक राव, प्रदीप तोमर, मुनीष सिकरवार, अपर आयुक्त वित्त अरविंद शर्मा, कार्यशाला प्रभारी पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, सहायक यंत्री रामबाबू दिनकर, अभिलाषा बघेल आदि शामिल थे।

# पुलिस ने युवाओं और छात्रों को दिया साइबर सुरक्षा का मंत्र

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** आठवें दिन ग्वालियर जिले में बड़े स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन और अभियान के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा ने साइबर ठगी से बचने के गुर सिखाए गए।

ऑनलाइन जॉब फ्रॉड से सतर्कता (थाना इंदरगंज), एम.एल.बी. कॉलेज ग्राउंड में युवाओं को 'वर्क फ्रॉम होम' और 'पार्ट-टाइम जॉब' के नाम पर होने वाले टेलीग्राम/व्हाट्सएप फ्रॉड के प्रति सचेत किया गया।



ऑनलाइन गेमिंग के खतरे (थाना मुरार), मॉर्निंग स्टार स्कूल में बच्चों को गेमिंग ऐप्स के जरिए फ्री डायमंड, कॉइन या आईडी अपग्रेड के लालच में आकर बैंकिंग डिटेल्स और ओटीपी शेयर न करने की समझाइश दी गई। डिजिटल अरेस्ट और यूपीआई फ्रॉड (थाना झांसी रोड व कंपू), गुरुकुलम स्कूल और 14वीं वाहिनी एसएएफ ग्राउंड में लोगों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी केवाईसी, सोशल मीडिया हैकिंग और वीडियो कॉल ब्लैकमेलिंग जैसे नए हथकंडों के प्रति जागरूक किया गया।

# वन विभाग के रेंजर 42 वर्षों की सेवा के बाद हुए सेवानिवृत्त

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** सामान्य वन मंडल ग्वालियर के वन परिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) सुखदेव शर्मा 30 जून को 42 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। विदाई समारोह में मुख्य वन संरक्षक लवित भारती, पूर्व एपीसीसीएफ शशि मलिक, डीएफओ मुकेश पटेल और एसडीओ मनोज कुमार जाटव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने शॉल, श्रीफल और स्मृति-चिह्न भेंट कर उन्हें नम आंखों से विदा किया।



विभागीय हलकों में 'संकटमोचन रेंजर' के नाम से मशहूर सुखदेव शर्मा चंबल के बीहड़ों से लेकर अमरकंटक के जंगलों तक दर्जनों सफल वन्यजीव रेस्क्यू ऑपरेशन और वन माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। विदाई समारोह में डीएफओ मुकेश पटेल ने उन्हें 'जंगल का बेटा' बताया, वहीं सीसीएफ लवित भारती ने उनके अनुशासन को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा कहा। भावुक क्षणों के बीच सुखदेव शर्मा ने कहा कि वन विभाग उनका परिवार रहा है.

# चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर रोटरी क्लब ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट द्वारा शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उन विशेषज्ञों का सम्मान करना था, जो वित्तीय पारदर्शिता, कर व्यवस्था, उद्योग, व्यापार और राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।



समारोह में शहर के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पवन जैन, संतोष अग्रवाल, विशाल गुप्ता, दीपक बाजपेयी, अमित गोयल एवं आशीष पारिक को रोटरी क्लब ग्वालियर फोर्ट की ओर से स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब के पदाधिकारियों ने सभी सम्मानित सीए का अभिनंदन करते हुए कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स केवल वित्तीय सलाहकार ही नहीं, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं। उनके ज्ञान, ईमानदारी और पेशेवर प्रतिबद्धता से व्यापारिक संस्थानों, उद्योगों तथा समाज को नई दिशा मिलती है। कार्यक्रम में धीरेंद्र चौहान, मनीष दीक्षित, शशि चांदिल, एडवोकेट अजीत परमार सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# रक्तदान शिविर में हुआ 123 यूनिट रक्तदान, डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** रोटरी क्लब ग्वालियर, डिस्ट्रिक्ट 3053 की नवीन टीम ने कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अध्यक्ष डॉ प्रियंवदा भसीन एवं सचिव श्री

- सेवा पथ पर अग्रसर रोटरी क्लब ग्वालियर की नई टीम

उदित चतुर्वेदी के नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी एवं फूड फॉर नीडी के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर डॉक्टर्स डे, सीए डे सम्मान समारोह एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। जीवाजी क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब द्वारा



उल्लेखनीय कार्य करने वाले शहर के डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब ग्वालियर की अध्यक्ष डॉ. प्रियंवदा भसीन ने कहा कि आज से प्रारंभ हुई यह सर्विस एक्टिविटी वर्ष भर सभी रोटरी सदस्यों की सहभागिता के साथ निरंतर जारी रहेगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर रेंज के आईजी श्री अरविंद सक्सेना थे।

कार्यक्रम में अन्य मंचासीन विशिष्ट अतिथियों में डीन जी.आर. मेडिकल कॉलेज डॉ. आर.के.एस. धाकड़, कैंसर हॉस्पिटल के संचालक डॉ. बी. आर.श्रीवास्तव, कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत रस्तोगी, वरिष्ठ सीए श्री जी.डी. लड्डा, पूर्व पीडीजी श्री वीरेंद्र गंगवाल, श्री भूपेंद्र जैन एवं रेडक्रॉस से श्री नवल किशोर शर्मा एवं फूड फॉर नीडी के श्री प्रवीण भारद्वाज और श्री जय सचेती उपस्थित थे।

इन उपस्थित डॉक्टर्स को किया सम्मानित: डॉ. आर.के.एस. धाकड़, डॉ. बी.आर. श्रीवास्तव, डॉ. अशोक मिश्रा, डॉ. पुनीत रस्तोगी, डॉ.प्रियंवदा भसीन डॉ. सस्मिता मुंगी, डॉ. रीता मिश्रा, डॉ. वीना प्रधान, डॉ.वाई.एस. वर्मा डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. ब्रजेश शर्मा, डॉ.आभास कुमार एवं डॉ. मालविका बी.जी. इन चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को किया गया सम्मानित श्री जी.डी.लड्डा, श्री राधेश्याम राठी, श्री मयूर गर्ग, श्री राघव गुप्ता, श्रीमती शुभांगी चतुर्वेदी एवं श्री सचिन गुप्ता।

इस अवसर पर रोटरी सर्विस एक्टिविटी के अंतर्गत आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 123 यूनिट रक्तदान हुआ। साथ ही, रोटरी सदस्यों ने वृक्षारोपण कर शहर को हरित बनाने का संकल्प दोहराया।

कार्यक्रम का संचालन रोटे. श्रीमती शुभांगी चतुर्वेदी ने किया और आभार

प्रदर्शन रोटरी क्लब ग्वालियर के सचिव रोटे. श्री उदित चतुर्वेदी ने दिया।इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब ग्वालियर के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधान को व्यवहार में उतारने के लिए प्रतिबद्ध : प्रो . उपाध्याय

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** आईटीएम यूनिवर्सिटी के अकादमिक सहयोग से और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर , केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात द्वारा

- आईटीएम में 'नेशनल एजुकेशन पॉलिसी-2020 का आयोजन

आयोजित 45वें राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन का आयोजन जारी है। जहां उच्च शिक्षा के विविध समकालीन विषयों पर देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों वर्चुअली अपने विचार साझा किए जा रहे हैं। आनलाइन आयोजित इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से जुड़े शिक्षकों, शोधार्थियों और शिक्षाविदों द्वारा



संवाद स्थापित किया। कार्यक्रम में यूजीसी-एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. एचबी पटेल, आईटीएम यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, कार्यक्रम के कोर्स कोऑर्डिनेटर और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष जैसल, परियोजना सहायक ईशा पांचाल, तकनीकी सहायक एवं असिस्टेंट प्रोफेसर सोनाली सिंह सहित अनेक शिक्षकों एवं समन्वयकों की सक्रिय सहभागिता रही। राष्ट्रीय कार्यक्रम के तृतीय दिवस पाठ्यचर्या, शिक्षा-पद्धति एवं मूल्यांकन सुधार थीम पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। जहां आईटीएम यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनमें ज्ञान, कौशल, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के वाइस चांसलर प्रो. करुणेश सक्सेना ने कहा कि आज के समय में कक्षा-केंद्रित शिक्षण से आगे बढ़कर अनुभव आधारित अधिगम, डिजिटल संसाधनों का उपयोग और सतत मूल्यांकन प्रणाली ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आधारशिला है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हृदयेश चतुर्वेदी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन तनिषा सैनी ने किया।

एमिटी विश्वविद्यालय, हरियाणा के डॉ. कुशाग्र ने कहा कि भारत की प्राचीन ज्ञान-संपदा केवल अतीत की धरोहर नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने वाली जीवंत परंपरा है। केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के प्रो. सुभाष कुमार ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब शिक्षा भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का संतुलित समावेश करेगी।

कार्यक्रम में केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के प्रो. जनक सिंह मीणा ने बहु-प्रवेश एवं बहु-निकास प्रणाली, चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम तथा अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) रूपरेखा एवं क्रियान्वयन विषय पर विस्तार से जानकारी दी. वहीं आईटीएम यूनिवर्सिटी की आईक्यूएसी निदेशक डॉ. वाणी अग्रवाल ने कहा कि भविष्य की शिक्षा तकनीक, नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के केंद्रीय विश्वविद्यालय गुजरात के डॉ. हेमांग देसाई ने भी विचार व्यक्त किए.



# जीडीए में टीडीएस-4 के संबंध में समीक्षा बैठक हुई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 1 जुलाई।** आज 1 जुलाई को ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया की अध्यक्षता में प्राधिकरण की प्रस्तावित नवीन आवासीय योजना टीडीएस-4 के संबंध में कंसल्टेंट एवं प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में टीडीएस-4 की डीपीआर के संबंध में शाहरूख एवं योजना से संबंधित अन्य विषयों पर श्रीमती रेविका जादौन द्वारा विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान योजना के विभिन्न तकनीकी एवं विकासात्मक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इसे अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने हेतु आवश्यक सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया।

अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया ने अधिकारियों एवं कंसल्टेंट को निर्देशित किया कि प्राप्त सुझावों का समुचित परीक्षण करते हुए आवश्यक संशोधन शीघ्र पूर्ण किए जाएं तथा योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया में तेजी लाकर इसे समयबद्ध रूप से प्रारंभ करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बैठक में ग्वालियर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शिवहरे सहित प्राधिकरण के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95